**कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,**
**कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।**

**संख्या 1111 /अधिष्ठान/दो–29/2022–23** **दिनांक 06 जनवरी, 2023**

## कार्यालय आदेश

उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 तथा अधिनियम की धारा–27 के अधीन प्राप्त अनुमोदन के क्रम में परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 306 दिनांक 28.09.2022 एवं पत्रांक 87650 दिनांक 30.12.2022 के द्वारा निर्गत नीति/मानकों तथा दुर्गम क्षेत्र में तैनात कुछ कार्मिकों के द्वारा सुगम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु मा. उच्च न्यायालय, नैनीताल के समक्ष दायर रिट याचिका संख्या 2383/2022 में मा. उच्च न्यायालय द्वारा ऐतद्विषयक प्रत्यावेदनों पर विचार कर 3 सप्ताह के अन्दर निर्णय लेने सम्बन्धी पारित आदेश दिनांक 19.12.2022 के आलोक में परिवहन आयुक्त/विभागाध्यक्ष स्तर से किये जाने वाले स्थानान्तरणों पर विचार कर संस्तुति देने हेतु गठित स्थानान्तरण समिति की बैठक दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को सम्पन्न हुई।

**2.** उक्त समिति द्वारा परिवहन विभाग के अन्तर्गत **'प्रधान सहायक'** संवर्ग में तैनात कार्मिकों के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये सेवा विवरणों/तथ्यों का संज्ञान लिया गया। प्रधान सहायक संवर्ग में कुल कार्यरत 52 कार्मिकों के सापेक्ष अनुमोदित मानकों के अनुसार अधिकतम् 17 कार्मिकों का स्थानान्तरण किया जाना अनुमन्य है। वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों में से सुगम क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत 37 कार्मिक एवं दुर्गम क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत 08 कार्मिक, इस प्रकार कुल 45 कार्मिक अनुमोदित मानकानुसार स्थानान्तरण हेतु पात्र है, किन्तु अधिकतम 17 कार्मिकों का ही स्थानान्तरण अनुमन्य है, अतः सुगम एवं दुर्गम में तैनात पात्र कार्मिकों के मध्य अनुपात के आधार पर तथा दुर्गम क्षेत्र में उपलब्ध रिक्तियों के आलोक में सुगम से दुर्गम क्षेत्र में 11 कार्मिक एवं दुर्गम से सुगम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु इच्छुक 06 कार्मिकों, इस प्रकार कुल 17 कार्मिकों का स्थानान्तरण किये जाने की संस्तुति समिति द्वारा की गई।

**3.** स्थानान्तरण हेतु पात्रता क्षेत्र में आने वाले कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी समस्त विवरण यथाप्रक्रिया सर्व संज्ञानार्थ विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित की गई थी और उसके सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए सेवा विवरणों को दिनांक 20.10.2022 को अंतिम करते हुए उन्हें सर्व संज्ञानार्थ विभागीय वेबसाईट पर पुनः प्रकाशित किया गया। इस प्रकार, अंतिम किये गये सेवा विवरणों का ही संज्ञान स्थानान्तरण समिति द्वारा लिया गया।

**4.** सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु निर्मित पात्रता सूची के क्रमांक 17 पर अंकित कार्मिक की मृत्यु होने तथा क्रमांक 2, 3, 4, 6, एवं 10 पर अंकित कार्मिकों को संघ पदाधिकारी होने तथा क्रमांक 7 एवं 14 पर अंकित कार्मिकों को चिकित्सा आधार पर स्थानान्तरण से छूट प्रदान की गई है। इसी प्रकार, दुर्गम से सुगम में स्थानान्तरण हेतु पात्रता सूची के क्रमांक 5 एवं 8 पर अंकित कार्मिक को भी दुर्गम में ही रहने के इच्छुक होने के आधार पर उन्हें स्थानान्तरण से छूट प्रदान की गई है। इन कार्मिकों को छोड़कर पात्रता सूची में अंकित अन्य कार्मिकों के सम्बन्ध में समिति द्वारा अधिनियम/नीति में उल्लिखित प्रक्रियानुसार उनके विकल्पों पर सम्यक विचार करने के उपरान्त स्थानान्तरण पर उनकी तैनाती के नवीन पद/कार्यालय के संदर्भ में संस्तुति दी गई है।

**5.** उपरोक्तानुसार स्थानान्तरण समिति द्वारा दी गई संस्तुति के आधार पर परिवहन विभाग के अंतर्गत **'प्रधान सहायक'** संवर्ग में तैनात निम्नवत् कार्मिकों का स्थानान्तरण उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ–6 में अंकित पद/कार्यालय के सापेक्ष किया जाता है:–

**क. सुगम से दुर्गम :**

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम (सर्वश्री) | पात्रता सूची में क्रमांक | नियत तिथि को सुगम क्षेत्र में कुल सेवा | वर्तमान तैनाती स्थल/कार्यालय | स्थानान्तरण/ नवीन तैनाती का स्थल/ कार्यालय | संस्तुति/अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजीव शर्मा | 1 | 15 वर्ष 08 माह 17 दिन | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर | प्रस्तुत 03 विकल्पों में पद रिक्त न होने के कारण दुर्गम क्षेत्र में रिक्त पद के सापेक्ष आबंटित। |
| 2 | मनीष पुरोहित | 5 | 13 वर्ष 10 माह 01 दिन | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कोटद्वार | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग | प्रस्तुत विकल्पों में से प्रथम विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण द्वितीय विकल्प आबंटित। |

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम (सर्वश्री) | पात्रता सूची में क्रमांक | नियत तिथि को सुगम क्षेत्र में कुल सेवा | वर्तमान तैनाती स्थल/कार्यालय | स्थानान्तरण/ नवीन तैनाती का स्थल/ कार्यालय | संस्तुति/अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | प्रवीण कण्ड़ारी | 8 | 13 वर्ष 05 माह 15 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, चिड़ियापुर | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग | प्रस्तुत विकल्पों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण चतुर्थ विकल्प आबंटित। |
| 4 | नरेन्द्र मियां | 9 | 13 वर्ष 05 माह 14 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, तिमली | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रप्रयाग | प्रस्तुत विकल्पों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण चतुर्थ विकल्प आबंटित। |
| 5 | त्यागेन्द्र सिंह रावत | 11 | 13 वर्ष 05 माह 14 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, भगवानपुर | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, पौड़ी | प्रथम विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण द्वितीय विकल्प आबंटित। |
| 6 | प्यारदास वर्मा | 12 | 13 वर्ष 05 माह 14 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, कुल्हाल | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, पौड़ी | प्रस्तुत विकल्पों में प्रथम सें पंचम तक के विकल्प सुगम क्षेत्र में तथा छठवाँ एवं सातवाँ विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण आठवाँ विकल्प आबंटित। |
| 7 | अमित कन्नौजिया | 13 | 13 वर्ष 05 माह 12 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, नारसन | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रप्रयाग | प्रथम विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण द्वितीय विकल्प आबंटित। |
| 8 | चन्द्र शेखर पाण्डेय | 15 | 13 वर्ष 05 माह 11 दिन | परिवहन कर संग्रह केन्द्र, नारसन | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, उत्तरकाशी | प्रथम विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण द्वितीय विकल्प आबंटित। |
| 9 | शैलेन्द्र बिष्ट | 16 | 13 वर्ष 05 माह 11 दिन | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, टिहरी | प्रथम विकल्प आबंटित। |
| 10 | पूजा खुल्बे | 18 | 13 वर्ष 05 माह 01 दिन | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रानीखेत | दुर्गम क्षेत्र हेतु कोई विकल्प न दिये जाने के कारण दुर्गम क्षेत्र में रिक्त पद के सापेक्ष आबंटित। |
| 11 | ज्योति बड़ोला | 19 | 13 वर्ष 05 माह 01 दिन | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अल्मोड़ा | दुर्गम क्षेत्र हेतु कोई विकल्प न दिये जाने के कारण दुर्गम क्षेत्र में रिक्त पद के सापेक्ष आबंटित। |

ख. दुर्गम से सुगम :

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम (सर्वश्री) | पात्रता सूची में क्रमांक | नियत तिथि को दुर्गम क्षेत्र में/एक स्थल पर कुल सेवा | वर्तमान तैनाती स्थल/कार्यालय | स्थानान्तरण/ नवीन तैनाती का स्थल/ कार्यालय | संस्तुति/अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गजपाल | 1 | 13 वर्ष 10 माह 06 दिन | संभागीय परिवहन कार्यालय, पौड़ी | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश | प्रथम विकल्प आबंटित। |
| 2 | पवन कुमार भट्ट | 2 | 13 वर्ष 10 माह 02 दिन | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश | प्रथम विकल्प आबंटित। |
| 3 | निश्चय जोशी | 3 | 13 वर्ष 10 माह 01 दिन | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, रामनगर | प्रथम विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण द्वितीय विकल्प आबंटित। |
| 4 | अनूप लिंगवाल | 4 | 13 वर्ष 09 माह 29 दिन | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश | प्रथम विकल्प आबंटित। |
| 5 | विजेन्द्र सिंह राणा | 6 | 12 वर्ष 02 दिन | संभागीय परिवहन कार्यालय, पौड़ी | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, विकासनगर | प्रस्तुत विकल्पों में से प्रथम एवं द्वितीय विकल्प में पद रिक्त न होने के कारण तृतीय विकल्प आबंटित। |
| 6 | रोहित मेलकानी | 7 | 03 वर्ष 10 माह 22 दिन **(एक स्थल पर)** | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, रानीखेत | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की | प्रस्तुत 04 विकल्पों में पद रिक्त न होने के कारण सुगम क्षेत्र में रिक्त पद के सापेक्ष आबंटित। |

**6.** उक्त स्थानान्तरित कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अविलम्ब अपने नवीन तैनाती के स्थल/कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करें।

**(अरविन्द सिंह ह्याँकी)**
**परिवहन आयुक्त।**

**संख्याः 1111 (1)/समदिनांकित्।**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड को मा0 मंत्रीजी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, परिवहन, उत्तराखण्ड शासन।
3. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी।
5. सम्बन्धित मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी/सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. सम्बन्धित आहरण–वितरण अधिकारी।
8. सम्बन्धित कार्मिक।
9. गार्ड फाईल।

**(अरविन्द सिंह ह्याँकी)**
**परिवहन आयुक्त।**